चोट काफी गंभीर थी और चेहरे के अंदरूनी हिस्से को ठीक करने के लिए बड़ी सर्जरी करनी पड़ी, लेकिन इसके बावजूद वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि स्थिति इससे ज्यादा खराब नहीं हुई।
- बेन स्टोक्स

इंग्लैंड टीम के कप्तान, अपनी चोट को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **विक्टर एक्सेलसन**

बैडमिंटन की दुनिया से एक बड़ी खबर सामने आई। डेनमार्क के दिग्गज खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने 32 साल की उम्र में पेशेवर बैडमिंटन से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। बता दें कि लंबे समय से चोट से जूझ रहे एक्सेलसन ने आखिरकार अपने शरीर की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया है। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराई थी और उसके बाद लंबा पुनर्वास भी किया था, लेकिन अक्टूबर में उन्हें फिर से झटका लगा। इसके बाद से वह न तो ठीक से ट्रेनिंग कर पा रहे थे और न ही प्रतिस्पर्धी स्तर पर खेल पा रहे थे, जिसके चलते उन्हें मजबूर होकर यह कठिन निर्णय लेना पड़ा है।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने 1983 (कपिल देव) और 2011 (महेंद्र सिंह धोनी) में वनडे विश्व कप जीता है। साथ ही, 2007 में पहला टी-20 विश्व कप भी भारत के नाम रहा।

फिडे कैंडिडेट्स 2026 : सिंदारोव ने एक राउंड पहले ही जीता खिताब

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। फिडे कैंडिडेट्स 2026 के ओपन वर्ग में उभरते ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को एक राउंड शेष रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया। राउंड 13 में अनीश गिरी के खिलाफ ड्रॉ खेलते ही उन्होंने टूर्नामेंट में अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया। इस जीत के साथ सिंदारोव ने इस साल होने वाले फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को चुनौती देने का अधिकार हासिल कर लिया है। खास बात यह रही कि सिंदारोव पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे और उनकी लगातार अजेय मैचों की संख्या 50 तक पहुंच गई। राउंड 13 से पहले सिंदारोव के पास दो अंकों की बढ़त थी। गिरी के लिए यह मुकाबला जीतना जरूरी था, ताकि फाइनल राउंड तक मुकाबला बना रहे, लेकिन ड्रॉ के साथ ही सिंदारोव ने खिताब सुनिश्चित कर लिया। मुकाबले की शुरुआत गिरी ने 1.4 चाल से की, जिसका जवाब सिंदारोव ने बेहद मजबूत रणनीति के साथ दिया। 15वीं चाल तक कई मोहरों का आदान-प्रदान हो चुका था और खेल रानी के बिना मिडिलगेम में पहुंच गया, जो सिंदारोव की रणनीति के अनुकूल रहा। गिरी ने डी-फाइल पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन सिंदारोव ने सटीक बचाव करते हुए उनकी सभी योजनाओं को नाकाम कर दिया। बाद में खेल रूक और ऊंट के एंडगेम में पहुंचा, जहां दोनों खिलाड़ियों को कोई बढ़त नहीं मिल सकी और अंततः तीन बार एक जैसी चाल दोहराए जाने के कारण मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

अंडर-16 स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग

लवमित गुर्जर के पंजे से मोहन क्रिकेट अकादमी फाइनल में

जयपुर, 15 अप्रैल। चंबल स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित अंडर 16 स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर तारीक क्रिकेट अकादमी व मोहन क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें मोहन क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर में 233 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें नायफ राशिद ने नाबाद 57 रन व मानवीर ने 24 रन व अमरनाथ ने 23 रनों का योगदान दिया। तारीक क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में तवीश शर्मा ने चार विकेट ओर विनय शर्मा व तनिश चौहान ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तारीक क्रिकेट अकादमी 38.5 ओवर में 113 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें उदित ने 39 रन व नीरज ने 17 रनों का योगदान दिया। मोहन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में लवमित गुर्जर ने पांच विकेट और मनीष हरितवाल व मानवीर ने दो-दो विकेट लिए। मोहन क्रिकेट अकादमी ने 120 रन से मुकाबला जीत फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला भदोरिया क्रिकेट अकादमी व मोहन क्रिकेट अकादमी के मध्य शनिवार को नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा।

अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग उद्घाटन मैच में जहीरुल हसन क्लब ने एसजे पब्लिक स्कूल को हराया

जयपुर, 15 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट के कन्वीनर राजेश ताम्बी ने बताया कि संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए उद्घाटन मैच में जहीरुल हसन क्लब ने एस जे पब्लिक स्कूल को 81 रनो से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर पूल ए के मैच में जहीरुल हसन क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रजेश यादव के 56 रन, रिआंश भाटिया के 37 रन, तुषार चेलानी के 47 रन, युवराज सिंह के 22 रन, सूर्यांश बु हाडिया के 45 रन, व रोहन चौधरी के 51 रनो से 46 ओवर में 303 रन बनाए। एस जे पब्लिक स्कूल के लिए साहिल नायक के 41 पर 4, मोहम्मद अरीब ने 57 पर 3, देवेश व गुलजार ने 1 -1 विकेट लिया। जवाबी पारी में एस जे पब्लिक स्कूल की टीम ने आदेश के 74 रन, कोवित जेनरीवाल के 18 रन, जतिन सांवरिया के 40 रन, साहिल नायक के 13 रन व गुलजार खान के 21 रनो से 45.1 ओवर में 222 रन बनाकर आउट हो गई। जहीरुल हसन क्लब के लिए युवराज सिंह ने 27 पर 3, रुद्राक्ष परवाल ने 34 पर 2, राजवीर चौधरी ने 32 पर 2, मानव रोगा व शिखर सैनी ने एक - एक विकेट लिया।

बेंगलुरु ने दर्ज की चौथी जीत, लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराया

बेंगलुर, 15 अप्रेल। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराया। लखनऊ की टीम 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी। इसके जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुर ने कोहली और रजत की दमदार पारियों की बदौलत 29 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 15.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 149 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए कोहली ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। लखनऊ के लिए प्रिंस यादव ने तीन विकेट लिए।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 146 रन बनाए। लखनऊ की ओर से सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 40 रन बनाए, जबकि मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन का योगदान दिया। बेंगलुरु की ओर से रसिख ने चार और भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट चटकाए। इसके जवाब में बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही। टीम ने दूसरे ओवर में फिल सॉल्ट का विकेट गंवाया। इसके बाद देवदत्त पडिकल 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विराट कोहली ने 34 गेंद में 49 रन बनाए। रजत पाटीदार ने 13 गेंद में 27 और जितेश ने 9 गेंद में 23 रन का योगदान दिया।

पहले बैंटिग करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम को चौथे ओवर में पहला झटका लगा। टीम के सलामी बल्लेबाज एडन मार्करम 8 गेंद में 12 रन ही बना सके। कप्तान ऋषभ पंत कोहनी में लगी चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। हालांकि बाद में वह बैटिंग के लिए उतरे लेकिन तुरंत आउट हो गए। पूरन की खराब फॉर्म भी जारी रही और वह सात गेंद में सिर्फ एक रन बनाने के बाद हेजलवुड की गेंद को विकेटों पर खेल गए।

मार्श ने कृणाल पर चौके और छक्के के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। बडोनी ने कृणाल की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन मार्श इस स्पिनर की गेंद को विकेटों पर खेल गए। उन्होंने 32 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के मारे।

मुकुल चौधरी एक बार फिर अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने कृणाल पर चौके से खाता खोलने के बाद इस स्पिनर के अगले ओवर में छक्का भी मारा। बडोनी ने रसिख पर चौका मारा लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर जितेश शर्मा को कैच दे बैठे। उन्होंने 24 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का मारा।

पंत को जोश हेजलवुड ने किया चोटिल

बेंगलुरु, 15 अप्रैल। ऋषभ पंत आरसीबी बनाम एलएसजी मैच के में चोटिल हो गए। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान मैदान से बाहर गए और फिर बैटिंग के लिए आए। उन्होंने कुल छह गेंदों का सामना किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच बुधवार को आईपीएल 2026 का 23वां मुकाबला खेला जा रहा है। आरसीबी ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टॉस जीतकर एलएसजी को बैटिंग का न्योता दिया। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गए। उनकी कोहनी में चोट लगी। पंत को दर्द के कारण मैदान छोड़ना पड़ा लेकिन टीम के लड़खड़ाने के बाद फिर बैटिंग करने आए। हालांकि, वह कुछ खास नहीं कर सके। उन्होंने 6 गेंदों में महज एक बनाया। पंत को भुवनेश्वर कुमार ने 17वें ओवर की पांचवीं गेंद पर फिल साल्ट के हाथों कैच कराया।

रिंकू 5 नं. पर खेलने लायक नहीं : श्रीकांत

नई दिल्ली, 15 अप्रेल। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का खराब प्रदर्शन सबको आलोचना करने का मौका दे रहा है। टीम लगातार 4 मैच हार चुकी है। इस सीजन केकेआर के उपकप्तान बनाए गए रिंकू सिंह का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा है। जिसके बाद पूर्व क्रिकेटर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने उनको लगातरा समर्थन देने पर सवाल उठाए हैं। श्रीकांत ने साफ कहा है कि रिंकू सिंह उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। अब भी आईपीएल में पांच लगातार छक्के मारने के कारण से मिली लोकप्रियता के सहारे चल रहे हैं। श्रीकांत ने रिंकू सिंह के नंबर 5 पर खेलने को लेकर भी संदेह जताया है।

गौतम गंभीर को हटाने से अफरा-तफरी मच सकती है : मुनाफ पटेल

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर अपने गंभीर स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने कई नई उपलब्धियों को छुआ है। लेकिन कुछ रिपोर्ट के अनुसार गंभीर ने बीसीसीआई से अपने कार्यकाल को 2028 के टी20 वर्ल्ड कप तक बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल उनका कॉन्ट्रैक्ट साल 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक ही सीमित है। इसी बीच कुछ ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि बोर्ड उन्हें हटा सकता है। जिस पर पूर्व क्रिकेटर मुनाफ पटेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर मुनाफ पटेल ने गंभीर का जोरदार समर्थन किया और चेतावनी दी कि उन्हें हटाने से अफरा-तफरी मच सकती है। उन्होंने कहा है कि गंभीर शायद ड्रेसिंग रूम में एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जो सच को सच कहने की हिम्मत रखते हैं। अगर किसी बड़े से बड़े खिलाड़ी का प्रदर्शन गिरता है, तो उसे टीम से बाहर करने का भी उनमें साहस है।

बस ये याद रखना अगर गौतम गंभीर जैसे हेड कोच को हटा दिया जाता है तो खिलाड़ियों को संभालना बहुत मुश्किल हो जाएगा। वह एक सच्चे इंसान हैं, वह सच को सच कहते हैं और बहुत से लोगों को ये पसंद नहीं आता। हर कोई जानता है कि अगर चीजें पटरी से उतर जाती हैं तो उनमें उस खिलाड़ी को टीम से बाहर करने की हिम्मत है।

ऑस्ट्रेलिया के खराब दौरे के बाद रोहित और कोहली दोनों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया तो दोनों और गंभीर के बीच तनाव की खबरें सामने आई। 2025 में वनडे सेटअप में भी कुछ ठीक नहीं था जब इस फॉर्मेट में उनकी वापसी के समय गंभीर और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने 2027 वर्ल्ड कप की योजनाओं में उनकी जगह की पुष्टि करने से परहेज किया।

मुनाफ ने कहा कि खिलाड़ियों को संभालना सबसे जरूरी चीज है और ये आसान नहीं है। विराट कोहली जैसे किसी खिलाड़ी को ना कहकर देखो।

स्क्वैश एकेडमी की इनाया और वीर ने जीते कांस्य पदक

जयपुर, 15 अप्रैल। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश एकेडमी की इनाया अन्द्रावी और वीर श्रृंगी ने कोलकाता में आयोजित तीसरे ईस्टर्न चैलेंजर 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट में अपने- अपने आयु वर्ग में कांस्य पदक जीते। राजस्थान स्क्वैश एकेडमी की संचालक और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरभि मिश्रा ने बुधवार को यहां बताया कि कोलकाता के सटर्डे क्लब में स्क्वॉश रैकेट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में 11 से 15 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में इनाया ने गर्ल्स अंडर-11 के क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु की जे.एन. इनिया को 11-4, 11-2, 11-4 से पराजित कर सेमी फाइनल में जगह बनाई। लेकिन सेमी फाइनल में इनाया को दूसरी वरीयता की झारखंड की अविशा अग्रवाल से 7-11, 11-5, 11-8, 12-10 से हार का सामना करना पड़ा। इनाया ने कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में झारखंड की अनायशा साहू को 11-8, 11-8, 11-5 से शिकस्त दी। वहीं बॉयज अंडर-13 में वीर श्रृंगी ने दूसरी वरीयता के निर्वाण उप्पल (दिल्ली) को 11-7, 11-7, 11-7 से पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। वीर ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में दिल्ली के अविराज घई को 11-6, 11-3, 11-2 से हरा अंतिम चार में जगह बनाई। लेकिन सेमी फाइनल में उत्तर प्रदेश के रिदान गुप्ता ने वीर को 11-6, 12-10, 11-3 से पराजित कर दिया।

विंबलडन 2028 से पहले ग्रासकोर्ट एटीपी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा इटली

रोम, 15 अप्रैल। इटली टेनिस जगत में अपनी मजबूत होती स्थिति को और आगे बढ़ाते हुए 2028 से विंबलडन से पहले एक नया ग्रासकोर्ट एटीपी टूर्नामेंट आयोजित करेगा। इटालियन टेनिस और पैडल महासंघ ने ब्रुसेल्स में अक्टूबर में खेले जाने वाले एटीपी 250 स्तर के टूर्नामेंट के अधिकार खरीद लिए हैं, जिसे अब जून महीने में इटली में आयोजित किया जाएगा। महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनाघी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि टूर्नामेंट के आयोजन स्थल पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है, लेकिन मौसम को देखते हुए इसे उत्तरी इटली में आयोजित किए जाने की संभावना है। उन्होंने संकेत दिया कि मिलान का ऐतिहासिक सैन सिरो स्टेडियम भी संभावित स्थल हो सकता है।

अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होंगे आईपीएल? 20वें सीजन की हो रही है खास तैयारी

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। आईपीएल को भारत में एक त्यौहार की तरह मनाया जाता है। ये टी20 टूर्नामेंट पिछले 19 सालों से भारतीय क्रिकेट का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। वहीं अब दुनिया के सबसे महंगी क्रिकेट लीग के एक खास विस्तार की योजना सामने आ रही है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड ओवल के मैनेजमेंट की तरफ से आईपीएल 2027 को लेकर एक खास योजना बनाई जा रही है। इसके तहत आईपीएल के 20वें सीजन से एक मैच कम से कम एडिलेड ओवल में करवाने का प्लान बन रहा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई सेन मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार एडिलेड ओवर आईपीएल के अगले सीजन यानी अगले मार्च से होस्ट करने के लिए उत्सुक है। ये आइडिया एडिलेड ओवल के चेयरमैन जैमी ब्रिग्स और 2 के चीफ विल रेनर का है। इसकी जानकारी कई स्थानीय स्पॉन्सर्स बड़े उद्योगपतियों को भी पिछले कुछ हफ्तों में दी गई है। हालांकि, अभी बीसीसीआई के पास ये प्रपोजल नहीं गया लेकिन जल्द ही बातचीत हो सकती है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि, एडिलेड ओवल की तरफ से ये योजना काफी विस्तृत तौर पर बनाई जा रही है। इसको रिवर्स व्यवस्था के तहत भी करवाने की योजना है। जैसे बिग बैश लीग के मैच की मेजबानी चेन्नई करेगा और ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में आईपीएल के शुरुआती सीजन मैच हो सकता है। सेन मीडिया की रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस योजना के बारे में एडिलेड ओवल की तरफ से साउथ ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख पीटर मलिनोस्कस, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चेयरमैन माइक बेयर्ड, ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड, ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्री डॉन फरेल को जानकारी दी जा चुकी है।

बार्सिलोना चैंपियंस लीग में हार से बौखलाया, खराब रेफरिंग के खिलाफ करेगा अपील

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। बार्सिलोना की चैंपियंस लीग से बाहर होने के बाद क्लब के भीतर नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। मुकाबले के बाद अब क्लब प्रबंधन ने भी रेफरिंग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बता दें कि एफसी बार्सिलोना के अध्यक्ष पद के लिए चुने गए जोआन लापोर्टा ने एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में रेफरी और वीडियो समीक्षा प्रणाली पर कड़ी आपत्ति जताई है। मौजूद जानकारी के अनुसार, लापोर्टा ने कहा कि मैच में रेफरिंग का स्तर बेहद खराब रहा और इससे टीम को बड़ा नुकसान हुआ। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रेफरी और वीडियो तकनीक द्वारा लिए गए फैसले स्वीकार करने योग्य नहीं थे। गौरतलब है कि इससे पहले टीम के खिलाड़ी राफिन्हा भी रेफरिंग को लेकर नाराजगी जता चुके हैं और उन्होंने टीम के साथ अन्याय होने की बात कही थी। लापोर्टा के अनुसार, पहले चरण में भी कई फैसले बार्सिलोना के खिलाफ गए थे, जिसमें एक पेनल्टी और खिलाड़ी को लाल कार्ड दिखाने का मामला शामिल है। उनका कहना है कि कई अहम मौकों पर गलत निर्णय लिए गए, जिनका सीधा असर मैच के नतीजे पर पड़ा। मौजूद जानकारी के अनुसार, क्लब प्रबंधन का मानना है कि एक गोल को गलत तरीके से खारिज किया गया और पेनल्टी के कुछ मामलों में भी अनदेखी की गई। साथ ही, एक खिलाड़ी के साथ हुए फाउल पर भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर सवाल उठाए गए हैं। गौरतलब है कि बार्सिलोना ने पहले भी इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया था। अब क्लब एक बार फिर से यूरोपीय फुटबॉल संस्था के सामने शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में है।

प्रशांत की शानदार पारी से अरावली जीती, राजकुमार का शतक बेकार

जयपुर, 15 अप्रैल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये हुकुम सिंह क्रिकेट ग्राउण्ड पर खेले गये क्वार्टर फाईनल मैच में राजकुमार सैनी 142 रन की शानदार पारी के बावजूद प्रशान्त माली 94 रन व 30 रन पर एक विकेट की शानदार प्रदर्शन की बदौलत वी.जे.डी. नियम से अरावली ने अल्फा एकेडमी को 4 रन से हराकर सेमिफाईनल में प्रवेश किया।

पिच गीला होने के कारण विलम्भ से प्रारम्भ मैच में टॉस जीतकर अल्फा क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये राजकुमार सैनी 142 रन (120 गेंद, 14 चौके, 5 छक्के), अंकित रोहेला 45 रन नाबाद देवांश सिंह 34 रन, श्री राम खण्डेलवाल 28 रन, दिव्यांशु सिंह गोसिंहा 26 रन की पारियों की मदद से निर्धारित 40 आवेर में 6 विकेट खोकर 312 रन बनाये। अरावली की ओर से दानिश भांमु 39 रन पर 2 विकेट, हंसराज रोलानिया 68 रन पर 2 विकेट तथा कृष्ण कुमार व प्रशान्त माली प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में प्रशान्त माली 94 रन, (77 गेंद, 8 चौक, 4 छक्के) कप्तान अजय 40 रन नाबाद 21 गेंद, 3 चौके, 3 छक्के, राममोहन 34 रन, सुमित गोदारा 23 रन, कृष्ण कुमार 39 रन की मदद से 31.3 ओवर में 5 विकेट खोकर जब स्कोर 254 रन था रोशनी के कारण मैच रोकना पड़ा नियमानुसार न्यूनतम ओवर खेलने के पश्चात् मैच रूका इसलिये वी.जे.डी. नियमानुसार अरावली 8 रन से जीती उस समय अल्फा एकेडमी को 34 ओवर में 250 रन बनाते थे लेकिन उन्होनें 33.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बना दिये थे। अल्फा क्रिकेट एकेडमी की ओर से अमर सोनी 61 रन पर 4 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच प्रशान्त माली अरावली क्रिकेट एकेडमी रहें।

राजस्थान क्रिकेट पर जोधपुर का दबदबा

जयपुर, 15 अप्रैल। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में पिछले दो सरकारों में जोधपुर का दबदबा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं।इस बार भी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में राज्य सरकार ने एक फिर बदलाव किया और कमेटी कन्वीनर के साथ ही कुछ सदस्यों को भी बदला गया। सरकार ने 9वीं बार एडहॉक कमेटी का कार्यकाल बढ़ाया।

नई एडहॉक कमेटी में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे और जोधपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर को फिर जगह दी गई है। इनमें पूर्व मंत्री चंद्रराज सिंघवी के पोते और जोधपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव अरिष्ट सिंघवी को सदस्य बनाया गया है।

राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष राजीव खन्ना भी जोधपुर से ही आते हैं। जोधपुर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भाटी आरसीए स्कोरर पद पर भी क़ाबिज़ है। इसके अलावा आईपीएल मैचों में चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर भी हैं। जोधपुर में ही जन्मे और पले-बढ़े रवि बिश्नोई ने कम उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था और उन्होंने शेन वार्न के खेल शैली को अपना आदर्श बनाया। राजस्थान की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित नाममिताली राज (जोधपुर) का है, जिन्हें महिला क्रिकेट का तेंदुलकर कहा जाता है। जोधपुर का क्रिकेटप्रेमी माहौल राजस्थान क्रिकेट को और मजबूत बना रहा है।

बरकतुल्लाह खान स्टेडियम राजस्थान के जोधपुर में स्थित है। राजस्थान के छठे मुख्यमंत्री के नाम पर नामित यह स्टेडियम वर्तमान में मुख्य रूप से क्रिकेट के लिए उपयोग किया जाता है। आखिरी आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय (वनडे) मैच 21 नवंबर 2002 को भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया था। इसके बाद, सितंबर 2022 में यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट के मैच आयोजित किए गए थे, लेकिन आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय सीरीज 2002 के बाद से नहीं हुई है। इन सब के बावजूद जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में आईपीएल 2026 का कोई भी मैच नहीं खेला जाएगा।

कराटे में कीर्तिमान स्थापित करने वाली बालिका मनुश्री सक्सेना का हुआ सम्मान

जयपुर, 15 अप्रैल। राजस्थान की होनहार बालिका खिलाड़ी कु. मनुश्री सक्सेना, जिन्होंने कम आयु में कराटे में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दो बार अपना नाम दर्ज कराया है, को जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया। मनुश्री सक्सेना ने वर्ष 2022 में मात्र 4 वर्ष की आयु में कराटे में ब्लैक बेल्ट (फर्स्ट डिग्री) प्राप्त कर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। इसके पश्चात वर्ष 2026 में पुनः मात्र 8 वर्ष की आयु में ब्लैक बेल्ट (सेकंड डिग्री) प्राप्त कर एक बार फिर यह गौरव हासिल कर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया है। सक्सेना ने जयपुर के पानी पेच स्थित पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह क्लब वर्षों से खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जहां से प्रशिक्षित खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

क्या इस बार आईपीएल मैचों में टिकटों की कालाबाजारी रुक पाएगी ?

पिछले साल पुलिस की मुस्तैदी से टिकिट ब्लैक करते रंगे हाथों पकड़े गए थे आरोपी

जयपुर, 15 अप्रैल। इस बार राजस्थान रॉयल्स की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के जयपुर चरण के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है, जिसकी शुरुआत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले से की जायेगी। राजस्थान रॉयल्स टीम की अपने घरेलू मैदान, प्रतिष्ठित सवाई मानसिंह स्टेडियम में वापसी का प्रतीक है, जहां प्रशंसक एक बार फिर लाइव क्रिकेट के रोमांचक माहौल का अनुभव करेंगे। प्रशंसकों को सहज और बेहतर टिकटिंग अनुभव प्रदान करने के लिए फ्रेंचाइज़ी ने एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया अपनाई है। टिकट केवल 'डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो' प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं, जो राजस्थान रॉयल्स का आधिकारिक टिकटिंग पार्टनर है। लेकिन खेलप्रेमियों द्वारा टिकिट नहीं मिलने पर ब्लैक से टिकिट खरीदने को मजबूर हो जाते हैं इसी कारण टिकटों की बढ़ती मांग को देखते हुए प्रशंसकों को सलाह दी गई है कि वे जल्द से जल्द बुकिंग करें, ताकि वे इस रोमांचक अनुभव से वंचित न रहें। क्या इस बार आईपीएल मैचों की टिकट कालाबाजारी रुक पाएगी? अगर कालाबाजारी नहीं रुकती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? क्योंकि पिछले साल जयपुर में हुए आईपीएल मैचों के दौरान लालकोठी थाना और गांधी नगर इलाके में पुलिस की कार्रवाई में टिकट ब्लैक करते हुए आरोपियो को गिरफ्तार किया गया था, आरोपी से 2200 की रेट की 40 टिकट हुई बरामद की गई थी। एक ही दिन में हुई दो कार्रवाई से मैनजमेंट पर उठ रहे थे सवाल। एक साथ इतने टिकट कहां से आए इन लोगों के पास? जवाहर नगर थाना पुलिस ने भी आईपीएल मैचों के कीमत से अधिक रुपए के टिकट बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 टिकट जिनकी कीमत एक लाख बीस हजार रुपए थी।